# अपने मतदान अधिकार जानें

संघीय मतदान अधिकार कानूनों के लिए आपकी गाइड

अमेरिकी न्याय विभाग
नागरिक अधिकार प्रभाग

## इस गाइड में शामिल हैं


मतदान के बारे में बुनियादी जानकारी ............ 1

आपके वोट देने के अधिकार की रक्षा करना ... 1

मतदाता पंजीकरण ........................................ 3

विदेश से मतदान........................................... 7

सीमित अंग्रेज़ी दक्षता के साथ मतदान ............ 8

विकलांगता के साथ मतदान .......................... 9

उल्लंघन की रिपोर्ट करना ............................ 11

अतिरिक्त संसाधन....................................... 12

# मतदान के बारे में बुनियादी जानकारी

## मेरे राज्य में चुनाव कौन करवाता है?

**राज्य और स्थानीय चुनाव अधिकारी।** वे कांग्रेस और राष्ट्रपति पद के चुनावों सहित, स्थानीय, राज्य और संघीय चुनाव करवाते हैं।

यदि आप जानना चाहते हैं कि आप अपने राज्य में कैसे मतदान कर सकते हैं, तो आपको उन अधिकारियों से संपर्क करना होगा क्योंकि अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग नियम हैं।

आप अपने राज्य के नियमों के बारे में अधिक जानकारी और चुनाव अधिकारियों की संपर्क जानकारी **vote.gov** पर प्राप्त कर सकते हैं।

# आपके वोट देने के अधिकार की रक्षा करना

## क्या संघीय कानून मेरे वोट देने के अधिकार की रक्षा करता है?

**हाँ।** अमेरिकी न्याय विभाग का नागरिक अधिकार प्रभाग इन कानूनों को लागू करता है। अक्सर, जिन लोगों के अधिकारों का उल्लंघन किया गया है, वे निजी मुकदमे भी कर सकते हैं।

# क्या संघीय कानून मतदान में भेदभाव से बचाता है?

**हाँ।** मतदाताओं को भेदभाव से बचाने वाले दो सबसे महत्वपूर्ण संघीय कानून यहाँ दिए गए हैं।

**पहला कानून मतदान अधिकार अधिनियम (Voting Rights Act, VRA) है।** VRA की धारा 2 किसी नागरिक की जाति या रंग के कारण मतदान के अधिकार को अस्वीकार या प्रतिबंधित करने को अवैध बनाती है। यह नागरिकों के विरुद्ध भेदभाव को गैर-कानूनी बनाती है जो ऐसे किसी भाषाई अल्पसंख्यक समूह के सदस्य हैं, जिसे VRA अमेरिकी भारतीय, एशियाई अमेरिकी, अलास्का के मूल निवासियों या लातीनी व्यक्तियों को शामिल करने के रूप में परिभाषित करता है।

धारा 2 के अधीन, राज्य और स्थानीय सरकारें उन मतदान प्रथाओं या चुनाव के नियमों का उपयोग नहीं कर सकतीं जो इरादतन भेदभावपूर्ण हैं। न ही वे उन प्रथाओं या नियमों का उपयोग कर सकतीं हैं जिनका परिणाम वे नागरिक होते हैं जो ऐसी किसी जाति या भाषाई अल्पसंख्यक समूह से संबंधित होते हैं जिसे बाकी सभी की तुलना में मतदान करने और अपनी पसंद के सार्वजनिक अधिकारियों का चुनाव करने का कम अवसर मिलता है।

**दूसरा कानून विकलांग अमेरिकी अधिनियम (Americans with Disabilities Act) है।** इस कानून के शीर्षक II के तहत राज्य और स्थानीय सरकारों के लिए यह सुनिश्चित करना ज़रूरी है कि विकलांग लोगों को मतदान करने का पूरा और समान अवसर मिले। VRA की धारा 2 की तरह, यह कानून मतदान के सभी पहलुओं पर लागू होता है। इसमें मतदान करने के लिए पंजीकरण करना, मतदान स्थलों में प्रवेश करना तथा चुनाव के दिन और प्रारंभिक मतदान, दोनों के दौरान मतदान करना शामिल हैं। आप **ada.gov** पर अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### क्या संघीय कानून मतदाताओं को डराने-धमकाने से बचाता है?

**हाँ।** ऐसे नागरिक और आपराधिक संघीय कानून मौजूद हैं जो मतदान करने या मतदान करने का प्रयास करने के लिए किसी को डराने, धमकाने या बाध्य करने को अवैध बनाते हैं, और ऐसे कानून भी मौजूद हैं जो उन लोगों को डराने, धमकाने या बाध्य करने को अवैध बनाते हैं, जो दूसरों से वोट देने के लिए आग्रह या उसमें उनकी मदद कर रहे हैं।

नागरिक कानूनों में 1957 का नागरिक अधिकार अधिनियम (Civil Rights Act of 1957) और मतदान अधिकार अधिनियम शामिल हैं। आपराधिक कानून अमेरिकी संहिता के कई शीर्षकों में सामने आते हैं।

## मतदाता पंजीकरण

### मैं मतदान करने के लिए कहाँ पंजीकरण करा सकता/सकती हूँ?

**राष्ट्रीय मतदाता पंजीकरण अधिनियम (National Voter Registration Act, NVRA) के तहत ज़्यादातर राज्यों (आयडाहो, मिनेसोटा, न्यू हैम्पशायर, नॉर्थ डकोटा, विस्कॉन्सिन और व्योमिंग को छोड़कर सभी राज्य) को आपको डाक का उपयोग करके मतदान करने के लिए पंजीकरण करने की इजाज़त देनी होगी।**

इसके तहत उन्हीं 44 राज्यों को विभिन्न सरकारी दफ़्तरों के ज़रिए आपको मतदान करने के लिए पंजीकरण करने की भी इजाज़त देनी होगी। इनके कुछ उदाहरण हैं वे कार्यालय जो

ड्राइवर लाइसेंस, सार्वजनिक सहायता, या विकलांगता सेवाएं प्रदान करते हैं, और सशस्त्र बल भर्ती कार्यालय। आपका राज्य पंजीकरण करने के अन्य तरीके भी प्रस्तुत कर सकता है, जैसे चुनाव कार्यालयों में, मतदाता पंजीकरण कार्यक्रमों में, मतदान स्थल पर, डाक के माध्यम से, या ऑनलाइन।

यदि आप पंजीकरण करने के लिए योग्य हैं, तो राज्यों को आपको तब तक संघीय चुनाव में मतदान करने की इजाज़त देनी होगी जब तक कि आपका पंजीकरण आवेदन उस चुनाव से कम से कम 30 दिन पहले सही कार्यालय द्वारा पोस्टमार्क या प्राप्त किया गया हो। कुछ राज्यों में, यह समय-सीमा चुनाव के और भी नज़दीक होती है; और कुछ अन्य राज्य चुनाव के दिन पंजीकरण करने की अनुमति देते हैं।

कृपया शर्तों और समय-सीमाओं के बारे में विशिष्ट जानकारी के लिए अपने राज्य की चुनाव वेबसाइट देखें। आप **vote.gov** पर जाकर उस वेबसाइट को ढूंढ सकते हैं।

## मुझे मतदाता पंजीकरण सूची से कब हटाया जा सकता है?

**राष्ट्रीय मतदाता पंजीकरण अधिनियम की धारा 8 के तहत, यदि आप अधिकारियों से कहते हैं, या आपकी मृत्यु हो जाती है, तो वे आपको संघीय चुनावों के लिए मतदाता पंजीकरण सूची से हटा सकते हैं।**

यदि आप किसी अन्य स्थान पर चले जाते हैं तब भी आपको सूची से तब तक हटाया जा सकता है, जब तक कि अधिकारी नोटिस और समय से संबंधित NVRA के नियमों का पालन करते हैं। आपको पंजीकरण सूची से केवल इसलिए नहीं हटाया जा सकता कि आपने चुनाव में मतदान नहीं किया था। लेकिन यदि आप उस नोटिस का जवाब नहीं देते जिसमें आपसे यह पुष्टि करने के लिए कहा गया हो कि क्या आप किसी अन्य स्थान पर चले गए हैं, और फिर आप अगले दो संघीय चुनाव चक्रों में मतदान नहीं करते, तो आपको हटाया जा सकता है।

यदि आपको कुछ अपराधों के लिए दोषी ठहराया जाता है या आपको मानसिक रूप से अक्षम माना जाता है तो कई राज्य आपको सूची से बाहर भी कर देंगे।

## यदि मैं किसी अन्य स्थान पर चला जाता/जाती हूँ और अपना मतदाता पंजीकरण पता अपडेट करना भूल जाता/जाती हूँ तो क्या मैं मतदान कर सकता/सकती हूँ?

**यह निर्भर करता है।** मान लीजिए कि आप समान मतदान स्थल के अंतर्गत आने वाले किसी क्षेत्र में चले गए हैं (उदाहरण के लिए, आप बस ब्लॉक में आगे चले गए हैं)। तब राष्ट्रीय मतदाता पंजीकरण अधिनियम आपको उस मतदान स्थल पर मतदान करने की अनुमति देता है। लेकिन आपको चुनाव अधिकारियों के पास अपना पता अपडेट करना होगा (जो आप मतदान करते समय मतदान स्थल पर कर सकते हैं) ताकि भविष्य में होने वाले चुनावों के लिए वह सही हो।

मान लीजिए कि आप किसी ऐसे पते पर चले गए हैं जिसका मतदान स्थल अलग है, लेकिन आप अभी भी उसी रजिस्ट्रार के अधिकार क्षेत्र (उदाहरण के लिए, उसी शहर में कहीं) और कांग्रेस ज़िले में रहते हैं। तब आप अपने पुराने मतदान स्थल पर मतदान कर सकते हैं। और कुछ राज्यों में, आपको अपने पुराने मतदान स्थल के बजाय अपने नए मतदान स्थल या किसी केंद्रीय स्थान पर मतदान करने की अनुमति भी दी जा सकती है, जैसे रजिस्ट्रार का कार्यालय। फिर से, आपको चुनाव अधिकारियों के पास अपना पता अपडेट करना होगा (जो आप मतदान करते समय मतदान स्थल पर कर सकते हैं) ताकि भविष्य में होने वाले चुनावों के लिए वह सही हो।

मान लीजिए कि आप कहीं नहीं गए हैं, लेकिन पंजीकरण के रिकॉर्ड गलत जानकारी देते हैं कि आप चले गए हैं। तब आपको यह पुष्टि करने के बाद अपने मतदान स्थल पर मतदान करने का अधिकार है कि आप वहीं रह रहे हैं जहाँ आप पंजीकृत थे।

कृपया अपने उचित मतदान स्थल के संबंध में जानकारी के लिए अपने राज्य की चुनाव वेबसाइट देखें। आप **vote.gov** पर जाकर उस वेबसाइट को ढूंढ सकते हैं।

अंत में, यदि आप चुनाव के दिन से कुछ ही समय पहले चले गए थे या यदि आप चुनाव के दिन राज्य से बाहर हैं तो संघीय कानून राष्ट्रपति चुनावों में वोट देने के आपके अधिकार की रक्षा करता है। यह अधिकार मतदान अधिकार अधिनियम की धारा 202 के तहत संरक्षित है।

## यदि मैंने मतदान करने के लिए पंजीकरण किया था लेकिन मेरा नाम मतदान पुस्तिका में सूचीबद्ध नहीं है तो क्या होगा?

**ज़्यादातर राज्यों में, आपको यह पुष्टि करने के बाद संघीय चुनावों में मतदान करने के लिए एक “अस्थायी मतपत्र” मिल सकता है कि आप पंजीकृत और योग्य हैं।** मतदान करने में अमेरिका की मदद करें अधिनियम (Help America Vote Act) की धारा 302 इस बारे में कुछ नियम निर्धारित करती है। यदि कोई चुनाव अधिकारी यह दावा करता है कि आप मतदान करने के लिए योग्य नहीं हैं तो आपको एक अस्थायी मतपत्र की पेशकश भी की जा सकती है।

राज्य के कानून आपको अस्थायी मतपत्र देने के लिए अन्य कारण भी प्रदान कर सकते हैं—उदाहरण के लिए, यदि आप मतदान करने के लिए जाते समय राज्य का आवश्यक आईडी नहीं लाते (ऐसे किसी राज्य में जहाँ मतदान करने के लिए आईडी दिखाना आवश्यक है) या यदि आपको पहले ही अनुपस्थित मतपत्र भेजा जा चुका है।

अस्थायी मतपत्र के साथ मतदान करने के लिए, आपको एक लिखित पुष्टीकरण पर हस्ताक्षर करने होंगे। फिर आपके भरे हुए मतपत्र को नियमित मतपत्रों से तब तक अलग रखा जाता है जब तक कोई चुनाव अधिकारी यह निर्धारित नहीं करता कि उसे गिना जाना चाहिए या नहीं। आपको यह पता लगाने के लिए लिखित निर्देश दिए जाने चाहिए कि आपका मतपत्र

गिना गया था या नहीं, और यदि वह नहीं गिना गया था, तो उसका क्या कारण था। राज्य के कानून के तहत, आपको एक विशिष्ट तिथि तक अतिरिक्त जानकारी भी देनी पड़ सकती है ताकि आपके मतपत्र को गिना जाए।

## विदेश से मतदान

### यदि मैं सक्रिय ड्यूटी पर हूँ या विदेश में रह रहा/रही हूँ तो क्या मैं मतदान कर सकता/सकती हूँ?

**हाँ।** यदि आप अमेरिका में रहते हुए मतदान करने के लिए योग्य होते, तो वर्दीधारी और विदेशी नागरिक अनुपस्थित मतदान अधिनियम (Uniformed and Overseas Citizens Absentee Voting Act) संघीय चुनावों में अनुपस्थित रहते हुए पंजीकरण और मतदान करने के आपके अधिकार की रक्षा करता है।

यह कानून उन नागरिकों की रक्षा करता है जो सेना या मर्चेंट मरीन में हैं और जो घर से दूर सक्रिय ड्यूटी में अपनी सेवाएं दे रहे हैं, चाहे वे विदेश में या यू.एस. के भीतर अपनी सेवाएं दे रहे हों। यह परिवार के उन सदस्यों की भी रक्षा करता है जो उस सेवा के कारण घर से दूर हैं। और यह विदेश में रहने वाले अमेरिकी नागरिकों के मतदान अधिकारों की रक्षा करता है।

संघीय चुनावों के लिए, आप मतदान करने के लिए पंजीकरण कर सकते हैं और उसी समय संघीय पोस्ट कार्ड ऐप्लिकेशन का उपयोग करके अनुपस्थित मतपत्र का अनुरोध कर सकते हैं। आप अपना अनुपस्थित मतपत्र डाक द्वारा या इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्राप्त करने का अनुरोध कर सकते हैं। यदि आपने

अपने अनुपस्थित मतपत्र के लिए समय पर आवेदन किया है लेकिन आपको वह नहीं मिला है, तो आप एक बैक-अप संघीय राइट-इन अनुपस्थित मतपत्र का उपयोग भी कर सकते हैं।

अधिक जानकारी के लिए, **fvap.gov** पर संघीय मतदान सहायता कार्यक्रम (Federal Voting Assistance Program) की वेबसाइट और **justice.gov/crt/uniformed-and-overseas-citizens-absentee-voting-act** पर नागरिक अधिकार प्रभाग की वेबसाइट पर जाएं।

## सीमित अंग्रेज़ी दक्षता के साथ मतदान

### कौन से संघीय कानून सीमित अंग्रेज़ी दक्षता वाले मतदाताओं की रक्षा करते हैं?

**मतदान अधिकार अधिनियम की धारा 208 उन मतदाताओं को, जिन्हें पढ़ने में मुश्किल होती है (उदाहरण के लिए, क्योंकि उनकी अंग्रेज़ी सीमित है), अपने द्वारा चुने गए किसी व्यक्ति से मतदान प्रक्रिया में सहायता प्राप्त करने की अनुमति देती है।** लेकिन वह व्यक्ति मतदाता का नियोक्ता या मतदाता की यूनियन का अधिकारी नहीं हो सकता।

VRA की धारा 4(e) चुनाव अधिकारियों को किसी नागरिक की अंग्रेज़ी पढ़ने, लिखने या समझने की क्षमता के आधार पर मतदान करने के अधिकार को नियंत्रित करने से रोकती है। यह कानून उन मतदाताओं की रक्षा करता है जिन्होंने

अमेरिकन-फ़्लैग स्कूलों में कम से कम छठी कक्षा पूरी की थी जहाँ कक्षाओं में अंग्रेज़ी के अलावा किसी अन्य भाषा में पढ़ाया जाता था। उदाहरण के लिए, यह कानून उन नागरिकों पर लागू होता है जो पुएरतो रीको में स्कूल गए थे और जिन्हें स्पेनिश में पढ़ाया गया था।

साथ ही, VRA की धारा 203 के तहत अन्य भाषाओं में चुनाव सामग्री और सहायता प्रदान करने के लिए वे जगहें ज़रूरी हैं जहाँ भाषाई अल्पसंख्यक मतदाता पर्याप्त संख्या में हैं। हर पाँच साल बाद, अमेरिकी जनगणना ब्यूरो उन जगहों की पहचान करता है कि कहाँ इसकी ज़रूरत है और उन्हें किन भाषाओं का उपयोग करना चाहिए।

आप **census.gov/programs-surveys/decennial-census/about/voting-rights.html** पर इन स्थानों की वर्तमान सूची प्राप्त कर सकते हैं।

मतदान करने में अमेरिका की मदद करें अधिनियम की धारा 301 के तहत यह ज़रूरी है कि उन अधिकार-क्षेत्रों की मतदान प्रणालियों को समान भाषाओं में ऐक्सेस किया जा सके।

## विकलांगता के साथ मतदान

### कौन से संघीय कानून विकलांग मतदाताओं की रक्षा करते हैं?

**विकलांग अमेरिकी अधिनियम के शीर्षक II के तहत राज्य और स्थानीय सरकारों के लिए यह सुनिश्चित करना ज़रूरी है कि विकलांग लोगों को मतदान करने का पूरा और समान अवसर मिले।**

यह कानून मतदान के सभी पहलुओं पर लागू होता है। इसमें मतदाता पंजीकरण करना, मतदान स्थलों में प्रवेश करना तथा चुनाव के दिन और प्रारंभिक मतदान, दोनों के दौरान मतदान करना शामिल हैं।

मतदान करने में अमेरिका की मदद करें अधिनियम में संघीय चुनावों के लिए मतदान स्थलों के बारे में नियम हैं। प्रत्येक मतदान स्थल पर कम से कम एक मतदान प्रणाली होनी चाहिए जिससे विकलांग लोग स्वतंत्र और निजी तौर पर अपना मतदान कर सकें।

मतदान अधिकार अधिनियम की धारा 208 विकलांग मतदाताओं को उनके द्वारा चुने गए किसी व्यक्ति से मतदान प्रक्रिया में मदद लेने की इजाज़त देती है। लेकिन वह व्यक्ति मतदाता का नियोक्ता या मतदाता की यूनियन का अधिकारी नहीं हो सकता।

# उल्लंघन की रिपोर्ट करना

## मैं संघीय मतदान अधिकार कानूनों के संभावित उल्लंघन की रिपोर्ट कैसे करूँ?

**नागरिक अधिकार प्रभाग को नागरिक अधिकारों के संभावित उल्लंघनों की रिपोर्ट करें।**

आप ऐसा कर सकते हैं:

- **civilrights.justice.gov** पर ऑनलाइन या
- **(800) 253-3931** पर टेलीफ़ोन द्वारा

**FBI को संभावित संघीय अपराधों, जैसे मतदाताओं के विरुद्ध खतरों के बारे में चिंताएं, चुनाव अधिकारियों के विरुद्ध खतरे, या चुनाव में धोखाधड़ी, की रिपोर्ट करें।**

आप ऐसा कर सकते हैं:

- **tips.fbi.gov** पर ऑनलाइन या
- **800-CALL-FBI** पर टेलीफ़ोन द्वारा

# अतिरिक्त संसाधन

## मुझे इस बारे में अधिक जानकारी कहाँ मिल सकती है कि संघीय कानून मेरे वोट देने के अधिकार की रक्षा कैसे करता है?

**आप नागरिक अधिकार प्रभाग की वेबसाइट पर अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।**

- मतदान अनुभाग की वेबसाइट **justice.gov/crt/voting-section** पर उपलब्ध है।
- विकलांग अमेरिकी अधिनियम के बारे में विकलांगता अधिकार अनुभाग की वेबसाइट **ada.gov** पर उपलब्ध है।

मतदान से जुड़ी अतिरिक्त जानकारी और संसाधन **justice.gov/voting** और **vote.gov** पर देखे जा सकते हैं।

U.S. Department of Justice
Civil Rights Division

**justice.gov/voting**

Hindi